अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में यूपी को मिला स्वर्ण पदक

लखनऊ/दिल्ली, हिटी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यूपी मॉडल दुनिया भर में चर्चित हो रहा है। भारत मंडपम में आयोजित आईआईटीएफ-2024 इसका बड़ा उदाहरण बना। यहां यूपी पवेलियन में दुनिया भर के लोगों ने रुचि दिखाई, जहां तीन लाख से अधिक लोग पहुंचे और बी2बी और बी2सी संपर्कों के माध्यम से करोड़ों के ऑर्डर मिले। आईआईटीएफ 2024 के समापन दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री राकेश सचान विशेष रूप से मौजूद रहे। राकेश सचान ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज न केवल सांस्कृतिक बल्कि बड़े औद्योगिक केंद्र के रूप में भी तेजी से उभर रहा है, जो देश के आर्थिक विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यूपी पवेलियन ने आईआईटीएफ 2024 में अपनी एक विशेष पहचान स्थापित की और राज्य को वैश्विक निवेश और व्यापार के लिए एक केंद्र के रूप में सशक्त किया।